जनपद-हमीरपुर

दिनांक -20.11.2026

यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर दिलाई गई शपथ।

आज दिनांक 20.11.2026 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा पुलिस टीम के साथ गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सुमेरपुर पहुंचकर माह नवम्बर में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

हमीरपुर पुलिस की अपील – यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

